**खबर संक्षेप**

### ट्रक की टक्कर लगने से वृद्ध महिला की मौत

**कटनी।** रीठी बाईपास में तहसील कार्यालय के सामने तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मृतक महिला की पहचान प्यारी बाई आदिवासी 65 वर्ष निवासी सिंघिईया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्यारी बाई शाम करीब 6.30 बजे अपने घर से खेत जाने के लिए निकली थीं। इसी दौरान जब वे रीठी बाईपास पर सड़क पार कर रही थीं तभी कटनी की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, जबकि चालक की तलाश की जा रही है।

### तस्करी करते पकड़ा गया नाबालिग, अंग्रेजी शराब जब्त

**कटनी।** शराब की तस्करी कर रहे एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नाबालिग के पास से अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना बडा गाँव रोड स्थित जिला न्यायालय के पीछे घेराबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई 7 फरवरी को दोपहर लगभग 03:35 बजे की गई। पुलिस ने 16 वर्षीय अपचारी बालक को पकड़ा है। पुलिस ने अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल वाहन बरामद किया है। नाबालिग से 5 बोतल ओल्ड मंक रम और 7 बोतल बीपी विस्की जिसकी अनुमानित कीमत 8,360 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### सुअर मार बम के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से सुअर मार बम जब्त किया है। जानकारी के अनुसार गत शाम लगभग 6:50 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड कटनी के पीछे, एचपी गैस गोदाम के पास एक संदिग्ध युवक विस्फोटक सामग्री लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम सक्रिय हुई और बताए गए स्थान पर दबिश दी। पकड़े गए आरोपी की पहचान मयंक रैकवार 21 वर्ष निवासी रघुनाथगंज वार्ड, थाना कोतवाली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 02 नग सुअर मार बम बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### लघु वृंदावन धाम बांधा में सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से



**स्लीमनाबाद।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में श्री राधा रानी जी, श्री मुरली मनोहर जी की परम कृपा से 10 फरवरी मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है । कथा वाचन श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित अखिलेश चतुर्वेदी के मुखारविंद से किया जायेगा। प्रति दिवस प्रवचन दोपहर 2: 30 बजे से प्रारंभ होकर हरि इच्छा समय तक होंगे। कथा दिवसों के मध्य विभिन्न धार्मिक उत्सव भी आयोजित होंगे, महाशिवरात्रि में विशेष आयोजन होंगे । प्रति दिवस अंतराल में सायं में भगवान की भव्य महाआरती होगी । 17 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ कथा विश्राम होगी । श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालु जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### कलेक्टर ने उड़नदस्ता एवं निरीक्षण दल को परीक्षा केंद्रों का दौरा कर निगरानी के दिये निर्देश

# बोर्ड परीक्षाएं आज से, कड़ी निगरानी के बीच बारहवीं के छात्र देंगे इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं आज 10 फरवरी से शुरू हो रही हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकिरयों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन पूरी मुस्तैदी से सभी जरूरी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाय, ताकि दसवीं व बारहवीं बोर्ड की परीक्षायें सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हों। परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं पूर्णतः पारदर्शी आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों और उड़नदस्ता दलों को परीक्षा केंद्रों का सतत भ्रमण निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।अनुचित साधनों के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण एवं शिकायतों पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।कलेक्टर श्री तिवारी ने परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए



निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर समस्त व्यवस्थाएँ पूर्ण हों। परीक्षार्थियों हेतु बैठने, प्रकाश, पेयजल, शौचालय व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तहत हायर सेकेण्ड्री (12वी) की परीक्षायें मंगलवार 10 फरवरी से शुरू होंगीं। इसी तरह हाई स्कूल (10वीं) की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होंगीं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत केन्द्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि प्रश्न-पत्र का बॉक्स प्राप्त करने के लिये संबंधित पुलिस थाने में हर हाल में प्रातः 6 बजे तक पहुँचेंगे। साथ ही कलेक्टर प्रतिनिधि पुलिस थाने में पहुँचने के बाद सेल्फी लेंगे और उसे निर्धारित एप पर अपलोड करेंगे। इसी तरह परीक्षा केन्द्र पर पहुँचकर सेल्फी अपलोड करना होगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि कलेक्टर प्रतिनिधि को परीक्षा के प्रत्येक दिन केन्द्र पर अनिवार्यतः मौजूद रहना होगा। सभी पर्यवेक्षकों को परीक्षा के पहले दिन डेढ़ घंटा पहले और परीक्षा के शेष दिनों में एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं नकल रहित सम्पन्न कराने के लिये 10 निरीक्षण दल भी गठित किए गए हैं। इसके अलावा संबंधित एसडीएम और वरिष्ठ अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों के भ्रमण पर रहेंगे।

**परीक्षार्थियों को 8 बजे पहुँचना होगा**

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अग्रहरी ने बताया कि जिले में 94 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी में केंद्राध्यक्षों और कलेक्टर प्रतिनिधियों की तैनाती की जा चुकी है।बोर्ड परीक्षाओं में इस बार परीक्षार्थियों को प्रातः 8 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना होगा।

मंगलवार को हायर सेकेंडरी बारहवीं का अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र होगा। बारहवी की परीक्षा में 11 हजार 463 नियमित व 724 स्वाध्यायी सम्मिलत होने जा रहे हैं। बारहवीं की परीक्षा के लिए जिले में 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही नकल रोकने का जिम्मा जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा गठित उडनदस्तों को दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने भी अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित की गई है। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी। छात्रों को 8 बजे तक केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। 13 फरवरी से हाईस्कूल कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षा में 13 हजार 783 नियमित व 604 स्वाध्यायी छात्र सम्मिलत होंगे। कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेंगी।

## गंदगी के बीच भोजन-नाश्ता निर्माण एवं विक्रय पर 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के उल्लंघन और गंदगीयुक्त वातावरण में भोजन एवं नाश्ता वगैरह का निर्माण एवं विक्रय तथा बिना खाद्य पंजीयन के दुकान का संचालन करते पाए जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर निवासी हरिशंकर पारासर के विरुद्ध 40 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर स्थित फर्म मेंसर्स हरिशंकर पाराशर की जांच के दौरान मौके पर कारखाने में गंदगीयुक्त और अस्वच्छ स्थिति में भोजन, समोसे, कचौड़ी आदि का निर्माण एवं संग्रह पाया गया। साथ ही लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की शर्तों का उल्लंघन भी मिला। निरीक्षण के दौरान मौके पर रेस्टोरेंट की किचन में काम करने वाले कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट,वॉटर टेस्टिंग, फूड टेस्टिंग आदि की जांच रिपोर्ट भी नहीं प्रस्तुत किया गया। साथ ही खाद्य निर्माण सामग्री के क्रय-विक्रय का बिल भी मांगे जाने पर संचालक हरिशंकर पाराशर द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया था।इसके अलावा एफएसएसआई का लाइसेंस कटनी साउथ रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक में खाद्य कारोबार हेतु जारी किया गया था। जबकि इस फर्म के गायत्री नगर में कारोबार के लिए एफएसएसआई का लायसेंस में नहीं मिला ।जिससे यह स्पष्ट हो रहा है की संबंधित फर्म के संचालक द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। अर्थदंड की राशि 30 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर पलटने से बच्ची की मौत, चार अन्य घायल

**उमरियापान।** ट्रैक्टर पलटने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हैं। ढीमरखेड़ा थाना के दादरसिहुड़ी से कोठी यज्ञ जाते समय पुलिया के पास एक ट्रैक्टर पलट गया। घटना में रंजीत यादव की 7 वर्षीय पुत्री रुक्मणी यादव के सिर में गंभीर चोटें आई। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर में सवार चार अन्य लोगों को भी चोटें पहुँची हैं।

*पुलिस अधीक्षक ने अपराध समीक्षा बैठक में दिये दिशा निर्देश*

## गुंडा-बदमाशों पर नकेल कसने और पर्वों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निराकरण और अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। आगामी दिनों में होने वाली आर्मी भर्ती, महाशिवरात्रि और रमजान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को देखते हुए एसपी ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।




संवेदनशील इलाकों में 'सजग दृष्टि अभियान' के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए।

ग्राम चौपालों के माध्यम से जनता से संवाद और नियमित रात्रि एवं प्रभात गश्त सुनिश्चित करने को कहा गया है। अपराधियों पर 'जीरो टॉलरेंस'बैठक में अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एसपी ने स्पष्ट किया कि ज बार-बार अपराध करने वाले चाकूबाजों और गुंडों के विरुद्ध जिला बदर और एनएसए जैसी कठोर कार्यवाही की जाए। धारा 173(8) और 299 के प्रकरणों की समीक्षा कर फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जेल से छूटे बदमाशों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने और उनकी चेकिंग करने को कहा गया है। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एसपी ने तुलनात्मक समीक्षा की।

पुलिस कप्तान ने कहा तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना और हेलमेट-सीट बेल्ट न लगाने वालों के खिलाफ प्रभावी चालानी कार्यवाही और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि थाने आने वाले हर पीड़ित के साथ मानवीय और सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए। शिकायतों का निराकरण सीएम हेल्पलाइन की समय-सीमा के भीतर और संतोषजनक ढंग से होना चाहिए।

### स्वास्थ्य केन्द्र में कुष्ठ से विकृति बचाव शिविर का आयोजन



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में कुष्ठ से विकृति बचाव शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कुष्ठ रोगियों को जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि शुरू में ही कुष्ठ मरीज को चिन्हित करने और नियमित उपचार से कुष्ठ रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। कुष्ठ रोग के समय पर इलाज से मरीज विकलांग होने से बच जाता है। कुष्ठ यानी की लेप्रोसी को कैसे पहचाने,इसका इलाज एवम इसके प्रति समाज का दायित्व क्या होना चाहिए बतलाया गया। कुष्ठ रोग आने की दिशा मे शरीर में दाग होते है एवं उन दागों में गर्म या ठंडा पदार्थ का असर नही होता। इसका इलाज हर सरकारी अस्पतालों में होता है। शिविर में उपस्थित सभी रोगियों को जल –तेल उपचार कराकर व्यायाम कराया गया। सभी कुष्ठ रोगियों को घर में प्रतिदिन तीन बार जल –तेल उपचार करने की सलाह दी गई। सभी रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया। कार्यक्रम के अंत मे आसपास के ग्रामो से आये कुष्ठ रोगियों को जल तेल उपचार के बारे मै जानकारी दी गईं ओर उपस्थित लोगों को गांव को कुष्ठ मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एनएमए प्रमोद तिवारी, आशीष जैन सहित स्वास्थ्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

## जानवरों के शिकार के लिये बिछाये गये करंट से युवक की मौत पर दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जानवरों के शिकार के लिए फैलाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में ढीमरखेड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। जानकारी के अनुसार बीते 9 दिसंबर 2025 को ग्राम झिन्नापिपरिया स्थित ठाकुर बाबा नाला के पास श्रीलाल कुम्हार के खेत के पास आरोपियों ने जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से अवैध रूप से बिजली का तार बिछाकर करंट फैलाया था। इसी दौरान झिन्नापिपरिया निवासी भागीरथ कुम्हार करंट की चपेट में



आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया के निर्देश पर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मर्ग जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने ग्राम गुंडा निवासी अनिल उर्फ बबलू पिता गोरेलाल लोनी 27 वर्ष और मनरमन पिता मुन्नीलाल लोनी 37 वर्ष के विरुद्ध धारा 105, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जब कड़ी पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी, सउनि विजेन्द्र तिवारी सहित प्रधान आरक्षक मनोज ठाकुर, दीपक श्रीवास और आरक्षक पंकज, अमित शुक्ला, अजय धुर्वे व जोगेश्वर कुंजाम की भूमिका रही।

*नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा मुख्य मार्गों एवं बाजार में चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान*

## आवागमन बाधित करने वालों पर कार्यवाही बिना अनुमति बाउंड्रीवाल को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के मुख्य मार्गो के किनारे से अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं सार्वजनिक मार्गो में स्थाई अतिक्रमण, बिना अनुमति निर्माण कार्य के प्रकरणों पर भी कार्यवाही करते हुए नागरिकों को सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि गठित टीम द्वारा सोमवार



को नगर के सुभाष चौक से अहिंसा तिराहा, थाना कोतवाली से स्टेट बैंक तिराहा एवं लक्ष्मी बाई चौक, थाना तिराहा से मिशन चौक तथा मिशन चैक से चांडक चौक होते हुए नदी पार बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो के किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर यातायात को बाधित करने वाले सब्जी, फल विक्रेता एवं हाथ ठेला संचालक सहित अन्य फुटकर दुकानदारों को व्यवस्थित किया गया। कार्यवाही के दौरान व्यापारियों से निर्धारित स्थल से ही दुकानों का संचालन करनें और सड़क को बाधित न करनें की अपील की जाकर सब्जी एवं फल ठेला संचालकों को हाकर्स जोन भेजा गया। वहीं दूसरी ओर कार्यवाही के दौरान सहयोग नहीं करने वालों अव्यवस्थित ठेलों तथा कोतवाली थाने के बाहर रखे हुए खाली ठेलों की जब्ती की कार्यवाही की गई।

निगम प्रशासन की गठित टीम द्वारा अस्थाई स्थाई अतिक्रमणों के प्रकरणों पर भी गंभीरता पूर्वक कार्यवाही की जाकर नगारिकों को सुगम आवागमन मुहैया कराने के प्रयास किये जा रहे है। इसी श्रृंखला में सोमवार को अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर के सार्वजनिक मार्ग में बिना अनुमति किये गए बाउंड्रीवाल निर्माण को नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में हटाया गया। बाउंड्रीवाल हटने से गायत्री नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधरने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध हुआ है।

### संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा, बकाया राजस्व वसूली पर जोर

# बड़े बकायेदारों पर कुर्की एवं तालाबंदी जैसी कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम कार्यालय में सोमवार को समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को आगामी चार माह के लक्ष्यों का निर्धारण कर अभी से कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

निगमायुक्त ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान



का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान है। उन्होंने इस कार्य में संलग्न निगम के शाखा प्रमुखों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने सीएम हेल्पलाइन की विभिन्न शाखाओं की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक नहीं बल्कि संतुष्टि पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। शाखा प्रमुख समय-सीमा में समाधान कर फीडबैक सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो तथा ग्रेडिंग में और अधिक सुधार किया जा सके।

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में सक्रिय रहकर बकाया करों की सख्ती से वसूली की जाए, मकानों व प्रतिष्ठानों की वास्तविक स्थिति एवं अपडेट डिमांड के अनुसार वसूली की जाए। बड़े बकायेदारों पर नियमानुसार कुर्की एवं तालाबंदी जैसी कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी निगमायुक्त सुश्री परिहार नें दिए।

**कार्यवाही के दिये निर्देश**

बैठक में नगर निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय में मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रतिमाह आयोजित होने वाले कर्मचारी समस्या निवारण शिविर के लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही से निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा अवगत होते हुए शेष आवेदनों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित शाखा प्रमुखों को दिए। नगर की चिन्हित अवैध कॉलोनियों में पुनः विकास शुल्क शिविर का आयोजन करने तथा जिन वार्डो में विगत माह शिविर का आयोजन कर विकास शुल्क की राशि जमा कराई गई है वहां जमा राशि अनुसार विकास कार्य कराने हेतु नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश भी कॉलोनी सेल अधिकारी को दिए गए।

## जन संतुष्टि रैंकिंग में कोतवाली अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने जनवरी 2026 के आंकड़ों के आधार पर जिले के थानों की 'जनसंतुष्टि रैंकिंग' जारी की गई है, जिसमें थाना कोतवाली ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पारदर्शिता के लिए तीन-स्तरीय फीडबैक सिस्टमपुलिस अधीक्षक द्वारा शुरू की गई इस रैंकिंग प्रणाली में डेटा जुटाने के लिए बेहद सटीक तरीका अपनाया गया है। इसमें थानों में आने वाले नागरिकों का फीडबैक तीन स्तरों पर लिया गया। थानों में रखे गए आगंतुक रजिस्टर की प्रविष्टियाँ। डिजिटल स्कैनर के माध्यम से नागरिकों द्वारा दिया गया सीधा फीडबैक। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रैंडम नंबरों पर की गई 'क्रॉस-कॉलिंग'। जारी आंकड़ों के अनुसार, थाना कोतवाली 98.30% जनसंतुष्टि के साथ जिले में सबसे आगे रहा। वहीं, थाना माधव नगर ने 213 आगंतुकों (जिले में सर्वाधिक) के बावजूद 98.10% का शानदार स्कोर प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। थाना उमरियापान 93.29% संतुष्टि दर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।दूसरी ओर, कुछ थानों का प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा है। अजाक थाना (83.33%), स्लीमनाबाद (84.12%) और बरही (84.41%) रैंकिंग में पिछड़ गए हैं।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों और उनके स्टाफ की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया है। वहीं, कम रैंकिंग वाले थानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी कार्यप्रणाली और व्यवहार में सुधार लाएं ताकि आम नागरिक थाने से संतुष्ट होकर लौटे। इस पहल का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और जनता के प्रति मैत्रीपूर्ण बनाना है।

## खबर संक्षेप



### युवकों पर हमला करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार, दो फरार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपितों में से तीन को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू चौधरी 20 वर्ष निवासी झुकेही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 फरवरी की रात करीब 8:45 बजे जब वह मऊरानी ट्रांसपोर्ट के पास खड़ा था तभी एक स्कूटी और बाइक पर सवार 5 अज्ञात युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से लोहे के टायर लीवर (रॉड) और डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए सहकर्मी माधव पाण्डेय पर भी बेरहमी से वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र ने टीम गठित की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शेख कलीम बहना 28 साल निवासी रंगनाथनगर, आशीष गोंड 28 साल निवासी जबलपुर और आर्यन सिंह ठाकुर 19 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला के रूप में हुई है।

### वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन आज होगा

**कटनी।** नगर निगम के माध्यम से नागरिकों को की जाने वाली पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के निराकरण तथा सुझाव प्राप्त हेतु मंगलवार 10 फरवरी को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को वार्ड स्तरीय आयोजित जल सुनवाई के दौरान नागरिकों से जल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उन पर शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जल सुनवाई में नागरिकगण पेयजल की गुणवत्ता, पाइप लाइन लीकेज तथा जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा नागरिकगण जल सुनवाई के दौरान घरों में सप्लाई किये जाने वाले पेयजल का नमूना भी साथ में लाकर पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण जल सुनवाई के दौरान कराकर उसकी गुणवत्ता रिपोर्ट से अवगत हो सकेंगे। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिए 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए जल सुनवाई का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जल सुनवाई में नगर निगम कटनी की जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, प्रशिक्षित कर्मचारी एवं फील्ड स्टाफ मौजूद रहेंगे, जो प्राप्त शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

### दो वार्डो में छोड़ा गया रासायनिक धुआं

**कटनी।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप रोजाना दो वार्डों में फागिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार देर शाम शहर के महात्मा गांधी वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड में फॉगिंग अभियान संचालित कर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने की कार्रवाई की गई। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। विगत दिवस महात्मा गांधी वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड की विभिन्न मुख्य गलियों सहित विभिन्न कालोनियों एवं बस्ती में रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की गई।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें

# हिदायत के बाद भी नहीं चेतने पर कलेक्टर ने की सख्त कार्यवाही, पांच अधिकारियों का काटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतें नॉट अटेंड होना गंभीर लापरवाही मानी जायेगी। उन्होंने शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले 5 शासकीय कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।



### इनका कटा वेतन

सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभिन्न विभागों के 5 शासकीय कर्मियों का कलेक्टर श्री तिवारी ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इन लापरवाह कर्मियों में संबल योजना प्रभारी नगर निगम सनद विश्वकर्मा,पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ मणि गुप्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री द्वय साकेत सुहाने और मोहित तिवारी स्लीमनाबाद शामिल हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने संकल्प से समाधान योजना के तहत हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही 16 फरवरी से शुरू होने वाले अभियान के द्वितीय चरण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की हिदायत दी। जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आमजन को दिलाया जा रहा है।

### कमजोर प्रगति में सुधार की नसीहत

ई-केवाईसी करने के कार्य में कटनी जिला प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल हैं।फार्मर आईडी बनाने के मामले में कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार की सराहना की। उन्होंने रीठी की कमजोर प्रगति में सुधार करने की नसीहत दी। जिले में अब तक दो लाख दो हजार 385 किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनाने का कार्य हो चुका है। कलेक्टर श्री तिवारी ने मानव अधिकार सहित अन्य आयोगों के पत्रों पर समय पर जवाब देने की हिदायत दी।कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री,पी एम किसान ई-केवाईसी, भू-अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, किसान क्रेडिट कार्ड, पी एम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक गति लाने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी करने और निःशुल्क गैस, चूल्हा व गैस-सिलेण्डर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक कृषि को ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित 559 किसानों से संपर्क व संवाद कर शीघ्र लाभान्वित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लोकसेवा केंद्र सहित अन्य माध्यमों से जन्म -मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाये।साथ ही सभी सीईओ जनपद पंचायत इस आशय का प्रमाण पत्र भी देवें कि उनके विकासखंड में एक साल से अधिक अवधि का कोई मामला जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लंबित नहीं है।इस कार्य के लिए पंचायत सचिवों को सक्रिय करें।

### अग्निवीर भर्ती की तैयारी

कलेक्टर ने 13 फरवरी से झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मैदान में एंबुलेंस, मेडिकल टीम, चलित शौचालय, पेयजल के लिए पानी के टैंकर, मैदान समतलीकरण हेतु रोड रोलर , जेसीबी और बस की व्यवस्था के निर्देश दिए।



## ओवर ब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के अंदर खिरहनी ओवर ब्रिज से निकल रहे भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिवक्ता यश खरे ने साथियों सहित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आयुक्त नगर निगम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सुगम यातायात उपलब्ध हो सके जिसके लिए शहर के बाहर बाईपास बन चुका है लेकिन उसके बाबजूद भी रात में भारी वाहन जुहला बाईपास से शहर अंदर होकर खिरहनी ओवर ब्रिज से निकल कर चांडक चौक पहुंचते हे जिसे खिरहनी ओवर ब्रिज तथा गर्ग चौराहे में लगे सी सी कैमरे में देखा जा सकता है। यह की शहर के अंदर खिरहनी ओवर ब्रिज से भारी वाहन न निकले इसके लिए एक याचिका उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत की गई थी। उक्त याचिका क्रमांक 18399/2014 में पारित आदेश दिनांक 8/7/2015 में हुआ जिसकी प्रति अनेक्चर A संलग्न है । यह की उक्त याचिका क्रमांक 18399/2014 में हुए आदेश दिनांक 8/7/2015 में हुए आदेश के पालन होने पर याचिकाकर्ता लल्लू लाल गुप्ता द्वारा एक कंटेम याचिका क्रमांक 1912/2015 प्रस्तुत की गई थी जिस पर सुनवाई उपरांत उच्च न्यायालय जबलपुर ने दिनांक 31/8/ 2016 ( अनेक्चर B ) को आदेश पारित कर खिरहनी ओवर ब्रिज से भारी वाहनों के निकलने पर रोक लगा दी है लेकिन माननीय उच्च न्यायालय के रोक आदेश के बावजूद भी बीच बस्ती रहवासी क्षेत्र तिलक कॉलेज मोड खिरहनी होकर शहर अंदर से खिरहनी ओवर ब्रिज होकर भारी वाहन निकल रहे हे जिससे आम जनता का निकलना दूभर हो गया हे ओर दुर्घटना का डर बना रहता है। अतः मांग की गई कि ओवर ब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाये।

बिजौरी में नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर का हुआ आयोजन

## रासेयो से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और उत्तरदायित्व का भाव होता है विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी द्वारा बिजौरी ग्राम स्थित मानव जीवन विकास समिति के प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना महिला व पुरुष इकाई के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में विविध सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत राहत सेवा समर्पण संस्थान, विजयराघवगढ़ के सहयोग से नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 विद्यार्थियों सहित प्रांगण में उपस्थित ग्रामीणजनों की आंखों की जांच की गई। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताया।



इस अवसर पर पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित होता है। ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हैं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में जागरूकता और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को भी मजबूती प्रदान करते हैं।"

तिलक महाविद्यालय के राष्ट्रीय कोर कैडेट के संयोजक डॉ सरदार दिवाकर ने आज के बौद्धिक सत्र में भाग लिया और विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।आज के बौद्धिक सत्र में फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता करते हुए भारत में संचालित ऑर्गेनिक खेती एवं सतत कृषि विकास कार्यक्रमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत में कृषि के सतत विकास की प्रक्रिया उन्हें अत्यंत प्रेरणादायक लगी। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय की ओर से श्रीमती प्रियंका गुप्ता एवं डॉ. अंकिता खंडेलवाल ने विद्यार्थियों के सामाजिक जीवन में एन एस एस की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. माधुरी गर्ग ने फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल का परिचय कराते हुए कहा"राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

## 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर जिला शाखा कटनी द्वारा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की 21 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया ।आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने सभी शिक्षकों से एकजुटता के साथ संघर्ष करते हुए प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना के साथ पुरानी पेंशन के लिए प्रयास करते रहेंगे। मांगो को पूरा कराने आंदोलन,धरना ,आमरण अनशन की भी जरूरत पड़ी तो करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय सिंह बघेल ने भी भरत पटेल के संघर्ष को नमन करते हुए सभी को साथ मिलकर संघर्षरत करने कहा!वही शिक्षक शैलेन्द्र सिंह,राधा रैदास, महिमा तिवारी, पुष्पलता चौबे, बेबी बैरागी ,संध्या ठाकुर, नरेश सोनी, नरेंद.पटेल, आशीष गर्ग, पंकज मेहरा,वरिष्ट सदस्य कंधी यादव, रामकृपाल हल्दकार, शारदा यादव , नीरज सोनी,बसंत पटेल,गुलाब सिंह धुर्वे,बसोरी लाल चौधरी,प्रभुदत्त तिवारी,हीरा सिंह नेताम,कोमल सिंह शेख सुबराती,अमर सिंह सहित सभी शिक्षकों ने प्रान्ताध्यक्ष भरत पटेल के कुशल नेतृत्व में अपनी प्रमुख मांग प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना के साथ पुरानी पेंशन,गुरुजियों की वरिष्ठता, क्रमोन्नति पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों को लेकर हुंकार भरी।

## हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपितों को सुनाई सजा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एस.पी.एस. बुंदेला की अदालत ने थाना कोतवाली अंतर्गत हत्या के प्रयास के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अभियुक्त रितिक निषाद, अभिषेक उर्फ भालू चौरसिया और अनुराग उर्फ वासु चौरसिया को दोषी करार देते हुए कारावास की सजा सुनाई है। मामला थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 238/2024 से संबंधित है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता (IPC) की धारा 294 (गाली-गलौज), 323 (मारपीट), 307 (हत्या का प्रयास) सहपठित धारा 34 और आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया था।



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नदीम जावेद खान के न्यायालय से मामला विचारण के लिए सत्र न्यायालय भेजा गया था, जहाँ अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक के.के. तिवारी ने पैरवी की। यह वारदात 27 मार्च 2024 को रात लगभग 9:30 बजे गांधी गंज कटनी में हुई।

मुख्य अभियुक्त रितिक निषाद ने फरियादी साहिल निषाद से कुछ पैसे उधार लिए थे। जब साहिल ने पैसे वापस मांगे, तो रितिक ने उसे बात करने के बहाने 'रावत गली' बुलाया। साहिल अपने दोस्तों आशीष सोंधिया और सूजल रजक के साथ वहां पहुंचा। वहां रितिक निषाद, अभिषेक उर्फ भालू, अनुराग उर्फ वासु और एक नाबालिग पहले से मौजूद थे। रितिक ने गाली देते हुए कहा, तू मुझसे पैसा लेगा और जान से मारने की नीयत से साहिल के पेट में चाकू मार दिया। साहिल का दोस्त आशीष उसे बचाने आया तो अनुराग उर्फ वासु ने उसके सिर पर बीयर की बॉटल मारी और अभिषेक उर्फ भालू ने हाथ-घूंसों व कड़े से उसके साथ मारपीट की। शोर मचने पर हमलावर मौके से भाग गए। प्रकरण पर न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्तों को दोषी पाया।

शासकीय महाविद्यालय में दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

## विद्यार्थियों को टमाटर उत्पादन, गोबर कंपोस्ट केंचुआ खाद निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को टमाटर की उन्नत खेती एवं कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण का तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।



टमाटर की उन्नत खेती के अंतर्गत जलवायु भूमि बलुई दोमट टमाटर की देसी किस्म500ग्रामएवं शंकर किस्म 250 ग्राम प्रति हेक्टर बीज की आवश्यकता होती है बीजकी बोनी जून जुलाई एवं जनवरी-फरवरी में ट्राइकोडर्मा वि र डी से बीज उपचार कर क्यारी बनाकर नर्सरी तैयार करते हैं 20 से 25 दिन के पौधों को नर्सरी से उखाड़ कर वैज्ञानिक विधि से दी गई सलाह के अनुसार खेतों में रो पाई करते हैं मेंड़ों पर चारों तरफ गेंदा के पौधों की रोपाई करने से फूल खिलने की अवस्था में फल भेदक की टमाटर की फसल में कम लगते हैं जैविक खाद सिंचाई मिट्टी चढ़ाना और पौधों को सहारा देना खरपतवार नियंत्रण एकीकृत कीटएवं रोग नियंत्रण फलों की तुड़ाई उपज एवं विपणन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया क्या।

बिना गोबर कंपोस्ट बनाएं अधसड़ा गोबर खेत में डालने से नींदा एवंदीमक में वृद्धि तथा पोषक तत्वों की कमी से फसल उत्पादन कम होता है चार माह में तैयार होने वाली गोबर कंपोस्ट को 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। केंचुआ खाद बनाने के लिएआईसीनिया फ़ोटिडा केंचुआ कचरा गोबर को 30 से 45 दिन में खाद बना देते हैं प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग करते हैं जिसमें सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं फलों सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है। पौष्टिक स्वाद रंग एवंआकारअच्छा हो जाताहै। केंचुआ एवं केंचुआ खाद से वार्षिक आय की जानकारी दी गई। प्राचार्या ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया एवं स्वरोजगार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

12वीं की बोर्ड परीक्षा आज से होगी शुरू, परीक्षा सामग्री थानों मे हुई जमा

## बहोरीबंद ब्लाक के 27 केंद्रों पर 4675 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, रहेगी ऑनलाइन नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 12वीं की परीक्षाएं आज 10 फरवरी मंगलवार से शुरू हो रही है। 10वीं की परीक्षा 13 फ़रवरी से शुरू होंगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बहोरीबंद में 25 सामान्य और 2 अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है साथ ही पेपर लीके होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मोबाइल एप (कंडक्ट ऑफ एग्जाम) से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

बहोरीबंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद विकासखंड मै कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाये गये है, जहाँ 2507 विद्यार्थी परीक्षा मै सम्मिलित होंगे। वहीं कक्षा 12 वी के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाये गये है, जहाँ 2168 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सामग्री को केंद्र के नजदीकी थानों के स्ट्रांग रूम में जमा करवा दिया गया है। अब कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में परीक्षा शुरू होने वाले दिन ही तय विषय के प्रश्न पत्र व अन्य सामग्री खोली जाएगी और निगरानी व्यवस्था में परीक्षा केंद्र तक लाई जाएगी।

थानों में जमा हुई परीक्षा सामग्री प्राप्त करने के लिए परीक्षा वाले दिन ही केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि सुबह छह से सात बजे के बीच केंद्र पर उपस्थित होंगे। सात बजे प्रश्न पत्र का बॉक्स बाहर निकाला जाएगा और 8.30 बजे से पूर्व यह सामग्री परीक्षा केंद्र तक पहुंचाई जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह आठ बजे तक परीक्षार्थियों को केंद्र पर उपस्थित रहने के लिए बुलाया गया है।

परीक्षा केंद्र अध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षकों को प्रश्न पत्र के पैकेट 8.45 बजे तक वितरित किए जाएंगे और 8.50 बजे उत्तरपुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी। परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्र खोलकर परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्रों का वितरण 8.55 बजे किया जाएगा।

कलेक्टर प्रतिनिधि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर केंद्र अध्यक्ष से संपर्क करेगा ओर निर्धारित ऐप के माध्यम से संबंधित थाना केंद्र पर उपस्थित होकर मंडल के निर्देशानुसार थाने से प्रश्न पत्र निकलवाने, परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। प्रश्नपत्र बॉक्स का छह तरफ से वीडियो बनाकर बोर्ड के निर्धारित व्हाट्सप एप पर 8.30 बजे के पूर्व भेजना सुनिश्चित करना पड़ेगा। परीक्षा केंद्र पर उपस्थित केंद्र अध्यक्ष एवं समस्त व्यक्तियों के मोबाइल फोन सील्ड कर रखवाने का घोषणा पत्र प्रारूप-6 को ऐप पर 8.30 बजे तक अपलोड करना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्रों के बॉक्स खुलने के उपरांत सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम/केंद्र अध्यक्ष के कक्ष में प्रश्न पत्रों के कोई भी पैकेट खोले नहीं जाएं। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि केंद्र अध्यक्ष ने पर्यवेक्षकों को प्रदत्त प्रश्न-पत्रों के पैकेट सील्ड हैं एवं उन्हें आवंटित कर पंजी प्रविष्टि कर हस्ताक्षर कराए गए हैं। सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा और पेपर लीके होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मोबाइल एप (कंडक्ट ऑफ एग्जाम) से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इतना ही नहीं छात्रों के साथ साथ ड्यूटी पर रहने वाले शिक्षकों के लिए परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल प्रतिबंध रहेगा। साथ ही केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित कोई स्टाफ केंद्र में मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। इनकी निगरानी ऑनलाइन कंट्रोल रूम से की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन अलर्ट मोड में है। हर परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। अतिसंवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस गार्ड तैनात किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों और ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### नागरिकों की सुविधा के लिए मंगलवार को अलग अलग स्थानों में आयोजित होंगे विशेष शिविर

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं की सुविधा हेतु मंगलवार 10 फरवरी को गायत्री नगर राम मंदिर के पास तथा आधारकाप में केशरवानी आटा चक्की के पास प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। वहीं निगम स्वामित्व की दुकानदारों की सुविधा के मद्देनजर आयोजित किये जाने वाले शिविर के तहत मंगलवार 10 फरवरी को झंडा बाजार में शिविर का आयोजन किया जाकर निगम स्वामित्व की दुकानदारों को बकाया किराया राशि जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय सीमा के भीतर अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर निगम के विकास एवं जनहित कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विलायत खुर्द**
**तहसील- बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र)**

पत्र क्रमांक Q/ग्रा.पंचा./2026 — दिनांक 02/02/2026

**निविदा (कोटेशन), आमंत्रण प्रकाशन**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत- विलायत खुर्द जनपद पंचायत बडवारा जिला-कटनी (म.प्र.) में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य कूप मरम्मत कार्य कराया जाना है। जिसमे निर्माण कार्य में लगने वाली निम्नलिखित सामग्री क्रय करने की नीचे लिखे अनुसार सामग्री प्रदान कराये जाने के लिए आमंत्रण हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने हेतु आवेदन आपकी ओर प्रेषित है। सामग्री विवरण - (1)लोहा (2) सीमेन्ट (3)रेत (4)गिट्टी (5)ईट एवं पंचायत के रख रखाव और अन्य सामग्री की निविदाये (कोटेशन) पत्र जारी दिनांक से सात दिवस के अंदर उपलब्ध कराया जाता है।

ग्राम पंचायत- विलायत खुर्द
जनपद पंचायत बडवारा जिला-कटनी (म.प्र.)

| सरपंच | सहायक सचिव | सचिव |
|---|---|---|
| विजय नारायण सिंह | राकेश दाहिया | शिवसंत गिरी गोस्वामी |
| मो.-9981906643,8817099830 | मो.- 79131247322 | मो.-8959639675 |

## खास बातें

### जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक 11 को

**पन्ना।** अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने अपने कार्यालयीन आदेष के तहत 29.01.2026 द्वारा आगामी जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु 11 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किये जाने का आदेष जारी किया गया है। गौरतलब बात यह है कि उक्त जनगणना समन्वय समिति में जहां अध्यक्ष के रूप में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला पन्ना वहीं अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी जिला पन्ना सदस्य के रूप में जिला योजना अधिकारी सहित अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी साथ ही जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पन्ना सदस्य के रूप में साथ ही जिला षिक्षा अधिकारी पन्ना एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण पन्ना तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी पन्ना सदस्य के रूप में अपनी भागीदारी कर्तव्यों के निर्वाहन को लेकर तय करेंगे इस तरह से 11 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में यह बैठक में अयोजित की जा रही है।

### पवई-अजयगढ़ में 10 को कराया जाएगा फाइलेरिया के बचाव हेतु दवा का सेवन

**पन्ना।** एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक दवा सेवकों द्वारा भ्रमण करते हुये फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जहां जिले की पवई एवं अजयगढ में 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक दवा का सेवन कराया जायेगा। जिसमें 10 फरवरी से 13 फरवरी तक स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्र की संस्थाओं में बूथ बनाकर दवा का सेवन कराया जाना है वहीं 14 फरवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक दवा सेवकों द्वारा घर-घर भ्रमण करते हुये फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जायेगा। साथ ही 21 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक माप अप राउण्ड के तहत छूटे हुये व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जायेगा। इस तरह से इस कार्यक्रम के अंतर्गत दो वर्ष से ऊपर के समस्त जनसंख्या गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराये जाने को लेकर आवश्यक बताया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन तरह की दवाईयों का सेवन करवाया जाना है। जिसमें एलबेन्डा जोल की एक गोली सभी को चबाकर खानी है डी.ई.सी. की गोली उम्र के अनुसार एवं आइवर मेग्टिन की गोली उंचाई के अनुसार खानी है दो से 5 से.मी. वर्ष के बच्चों को डी.ई.सी. की एक गोली 6 से 14 वर्ष के बच्चों को डी.ई.सी. की दो गोली एवं 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों को डी.ई.सी. की तीन गोलियां खिलाई जानी है।

13 फरवरी को मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित

# नोहलेश्वर महोत्सव कला, संस्कृति को सुदृढ़ करने का सशक्त मंच : राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह

**आस्था, संस्कृति और अवसरों का उत्सव, महोत्सव परिसर में रोजगार मेला का आयोजन**

**महोत्सव में आज जितेन्द्र खरे की प्रस्तुति ब्रज की होली पारंपरिक राई नृत्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के नगर नोहटा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित पावन नोहलेश्वर महोत्सव के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की चरण वंदना कर किया गया। भक्तिमय वातावरण के बीच महोत्सव की शुरुआत ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्यता से ओत-प्रोत कर दिया। महोत्सव के अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों एवं उभरती प्रतिभाओं को निरंतर मंच प्रदान करने के संकल्प के अनुरूप क्षेत्रीय कलाकारों ने सराहनीय प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराओं और कला का सजीव चित्रण देखने को मिला, जिसे उपस्थित दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहा।

बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध कलाकार कृष्ण कुमार रंगीला एवं सुश्री संजना शरारती द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उनकी हास्य, लोकगीत एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे पंडाल में उल्लास, ठहाकों और आनंद का वातावरण बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अरुण तिवारी, संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, मनीष तिवारी, श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री भरत यादव, रानू नामदेव, श्रीमती कुसुम खरे, देवकीनंदन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी को सुबह 11 बजे नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत नोहलेश्वर परिसर, नोहटा में रोजगार मेला एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना तथा उनके भविष्य निर्माण हेतु सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। महोत्सव के दौरान 13 फरवरी को नोहटा की पावन धरती पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हैलीपेड, श्री नोहलेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं सभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहटा जैसे सांस्कृतिक केंद्रों पर आयोजित महोत्सव जन-जन को जोड़ने का कार्य करते हैं। नोहलेश्वर महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अवसरों का उत्सव है। मुख्यमंत्री जी का आगमन इस क्षेत्र को नई पहचान और नई संभावनाएँ देगा। नोहलेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच भी बनकर उभर रहा है।

महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य नोहलेश्वर महोत्सव को एक ऐसे मंच के रूप में विकसित करना है, जहाँ आस्था के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक चेतना को भी समान महत्व मिले। युवाओं की भागीदारी और जनसहयोग से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक व्यापक स्वरूप ले रहा है।

महोत्सव को सफल, सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण बनाने में मां पीतांबरा जन सेवा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंह सिसोदिया एवं सचिव वैभव सिंह के सहयोग और सतत प्रयासों से मेला आकर्षक एवं दर्शनीय रूप में संपन्न हो रहा है।

## राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी ने 5 हितग्राहियों को वितरित किए 18 लाख 95 हजार राशि के ऋण

**19 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर 988 युवक-युवतियों का किया चयन**

**दमोह।** नोहलेश्वर महोत्सव मेला नोहटा में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस युवा संगम में भाग लेने हेतु ऑनलाइन ऑफलाइन माध्यम से कुल 1860 आकांक्षी युवाओं ने पंजीयन किया जिसमें 19 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर 988 युवक-युवतियों का चयन किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र द्वारा 05 हितग्राहियों के लिए 18 लाख 95 हजार राशि के ऋण स्वीकृत कर राज्यमंत्री श्री लोधी ने वितरित किए। साथ ही एल डी एम स्टेट बैंक आफ इंडिया, अंत्य व्यवसायी, जनजाति कार्य विभाग, श्रम विभाग सेडमैप द्वारा उपस्थित आवेदकों के लिए मार्गदर्शन दिया गया। स्वास्थ्य मिशन उमंग काउंसलर द्वारा 45 से अधिक छात्राओं की काउंसलिंग की गई। युवा संगम में प्राचार्य देवेश श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, बहादुर सिंह, सोनू कुमार सोनी, एन एस उईके तथा समस्त स्टाफ आई टी आई नोहटा का विशेष योगदान रहा। पी एम श्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह, तेंदूखेड़ा, जबेरा एवं शासकीय आई टी आई दमोह, नोहटा, पटेरा के साथ उपस्थित अन्य 750 से अधिक छात्र छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग सत्येंद्र सिंह लेधी, मुकेश तिवारी तथा महाविद्यालय से आए हुए व्याख्याताओं द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन पी एन तिवारी समन्वयक सेडमैप द्वारा किया गया। जिला रोजगार अधिकारी एल पी लडिया ने उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं, कंपनियों, छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## बरखेरा कलार में चड़ार समाज की हुई अहम बैठक

**लोकसंत जूड़ीराम जी को समर्पित बैठक में हुए महत्वपूर्ण फैसले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अखिल भारतीय सर्व चड़ार–चिडार समाज सभा के तत्वावधान में रविवार को हटा विकासखंड के ग्राम बरखेरा कलार में समाज की एक ऐतिहासिक, निर्णायक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और संगठनात्मक विरासत को सुदृढ़ करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम बुंदेलखंड के गौरव, लोकसंत एवं लोक कवि संत जूड़ीराम जी को स्मरण करते हुए उनके योगदान पर चर्चा की गई। इसके उपरांत सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि संत जूड़ीराम जी की जन्म-जयंती प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को पूरे समाज द्वारा श्रद्धा, गरिमा और सामूहिक सहभागिता के साथ मनाई जाएगी। साथ ही, 5 जून को उनकी पुण्यतिथि को "पुण्य स्मृति दिवस" के रूप में मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लोकसंत जूड़ीराम जी केवल चड़ार समाज के ही नहीं, बल्कि समूचे बुंदेलखंड की लोक चेतना के प्रतीक हैं। उनकी शिक्षाए, भजन और सामाजिक संदेश आज भी समाज को एकता, समता और मानवता का मार्ग दिखाते हैं।संत जूड़ीराम जी की जयंती एवं पुण्य स्मृति दिवस को संगठित और नियमित रूप से मनाने का यह निर्णय समाज के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सामाजिक एकता की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी पहल है। बैठक में ग्राम एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। ग्राम स्तर पर सीताराम पटेल, रामशरण पटेल, रामेश्वर पटेल, हरगोविंद पटेल, संतोष पटेल, बृजकिशोर पटेल, गंगाराम पटेल, राजधर पटेल, ईश्वरदास पटेल एवं राजेश पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं संगठनात्मक नेतृत्व की ओर से तुलाराम अठया (राष्ट्रीय अध्यक्ष), रमाकांत अठया (राष्ट्रीय महासचिव), दीपचंद चड़ार (प्रदेश अध्यक्ष), तुलसीराम (एडवोकेट, सागर),भगवत सिंह अठया (बेगमगंज),विश्राम सिंह, वृंदावन चड़ार (गैरतगंज) राजकुमार चड़ार, हेमंत चड़ार, वीरेंद्र चड़ार टीकमगढ़ विश्वनाथ अठया, गोविंद अठया, राम सहाय , करण अठया, नारायण अठया महूना, करण, रूपचंद अठया, हल्काई इटवा, बाबूलाल नरगी , कैलाश निवाई सहित संत जी के कुटुंबीजनों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों समाज बंधुओ की सहभागिता रही।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ से हुई आध्यात्मिक अनुभूति



**तेंदूखेड़ा।** श्री गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिजन एवं नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में भव्य पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर शोभाराम नामदेव एवं उनकी धर्मपत्नी के दांपत्य जीवन के स्वर्णिम पचास वर्ष पूर्ण होने पर परिजनों, इष्ट मित्रों एवं गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। महायज्ञ का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार, आहुतियों एवं सामूहिक प्रार्थनाओं के साथ संपन्न हुआ, जिसमें वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के दौरान उपस्थित परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने दंपति के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में संपूर्ण नामदेव परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही, वहीं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, वरिष्ठजनों तथा गायत्री परिवार के सक्रिय परिजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टीजनों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने श्री नामदेव के सामाजिक, पत्रकारिता एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके संस्कार, सेवा भाव एवं समर्पण से युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है।कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं आपसी मंगलकामनाओं के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, सौहार्द एवं पारिवारिक आत्मीयता का अनुपम उदाहरण बना।

## गंभीर मरीजों को उपचार हेतु भेजा भोपाल

**दिव्यांग जनों को वितरित किए सहायक उपकरण**



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा में चल रहे नोहलश्वर महोत्सव में 7 फरवरी को पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के द्वितीय दिवस में 890 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें से 51 मरीजों को आगे के उप चार हेतु बस के माध्यम से भोपाल भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 76 व्यक्तियों की गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई एवं निश्चय अभियान के तहत 60 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सभी के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत प्रदेश के संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा दूर दराज से आए हुए दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल सुनने की मशीन तथा अन्य उपकरण निशुल्क वितरित किए गए।

## कलश यात्रा के साथ गूंजे भक्ति के स्वर

**घटेरा में श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जीवन की दिशा और दशा को सकारात्मक रूप से बदलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का ग्राम घटेरा स्थित खेर माता मंदिर परिसर में भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों, जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा ने गांव में आध्यात्मिक उल्लास और आस्था का संचार किया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कथा के शुभारंभ अवसर पर कथा वाचक बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि "श्रीमद्भागवत कथा ऐसी अमृतमयी कथा है, जो मानव जीवन के उद्देश्य को स्पष्ट करती है और उसे सही दिशा प्रदान करती है। जहां भागवत कथा होती है, वहां की नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।" उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब हम इसके उपदेशों को अपने आचरण और व्यवहार में उतारें। भागवत कथा के श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं और प्राणी मात्र का लौकिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। आयोजकों के अनुसार यह श्रीमद्भागवत कथा आयोजन 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक प्रतिदिन चलेगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। कलश यात्रा और कथा आयोजन ने घटेरा क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और दिव्यता के रंग में रंग दिया, जहां हर ओर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## टाउन हॉल में हुई काव्य गोष्ठी



**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संगठन के तत्वाधान में गत दिवस फागुन विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्रेष्ठ और वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपने-अपने काव्य सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एन आर राठौर ने कहा कि आपाधापी के इस युग में काव्य पताका को थामें रखना, दमोह साहित्य जगत की बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रघुनंदन चिले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि, साहित्यकारों को टाउन हॉल की उपलब्धि बड़ी सौगात है, इससे नगर में साहित्य, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। जाने-माने समीक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे ने विशिष्ट तिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहा कि ,कवि या संस्कृति कर्मी जब जोड़ने की बात करता है, सेतु की बात करता है । तब सच मायने में वह राष्ट्र का काम करता है, मानवता का काम करता है। यहां पर कवियों ने यही राष्ट्रीय काम इमानदारी से किया है। संगोष्ठी का संचालन कर रहे संस्था अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने कहा की,गोष्ठियों का अपना बड़ा महत्व होता है जिसमें साहित्यकार अपनी काव्य साधना को निखारने का उचित अवसर पाता है। डॉ चिले साहब जैसे प्रमोटर ने साहित्य जगत के लिए बहुत कुछ दिया है। सकल साहित्य समाज अपने वरिष्ठ साहित्यकारों का हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर प्रो अनिल जैन ने रचना पड़ी की, झड़ते हैं पत्ते हवाओं में, जैसे हर पल झड़ती हो तुम, मेरे मन के एक-एक कोने में। मानव बजाज ने, दरबारों का गान लिखूं क्या। मैं उनका फरमान लिखूं क्या। अंधे लोगों की बस्ती में। शीशे को वरदान लिखूं क्या। सदन नेमा ने भारत की शान बड़ाईयो, तिरंगा झुकने न दईयो। डॉ संगीता पाराशर ने, धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है ,नई संस्कृति का वर्चस्व बढ़ रहा है। मनोरमा रतले ने, शिकवा शिकायत नहीं किसी से, होली हम मानेंगे, रंग रंग जाएंगे। मधु पाराशर ने, महकती अमराईयों में,धूप छांव बनकर।पर्वतों की तलहटी में, एक पुराना गांव बनकर। प्रेमलता उपाध्याय ने फागुनी बयार चले, मन में खुमार उठे। महुआ की गंध, मदमाती कर जाती है। नरेंद्र अरजरिया ने, घिर आई बदरिया सावन की। बी एम दुबे ने, निंदक जी भर निंदा कर रहे ,बिल्कुल नहीं सुधर रहे। डॉ रघुनंदन चिले ने, आदमी को फकत आदमी बनाओ तो कोई बात बने। रमेश तिवारी ने,कामना का पनपा व्यापार, लालसा सब दिन मिले उधार। इंजी अमर सिंह राजपूत ने ,झोपड़ में फागुन मिला, चमक दमक से दूर। सीधा-साधा ढोंग रहित,प्रेम झरे भरपूर।। इसी तरह नन्हे सिंह ठाकुर और ओजेंद्र तिवारी ने भी अपनी अपनी रचनाएं पड़ी। अंत में पीएस परिहर ने टाउन हॉल के लिए नगर पालिका परिषद दमोह का एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## ई-दक्ष केंद्र में प्रशिक्षण सम्पन्न

**दमोह।** जिलों मे पदस्थ नगरीय निकाय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी दमोह के अधिकारी-कर्मचारियों को अमृत रेखा मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेब एप्लीकेशन का प्रशिक्षण हेतु मध्य प्रदेश इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कार्पोरेशन भोपाल द्वारा उपलब्ध कराये गए सॉफ्टवेयर अमृत रेखा एप्लीकेशन का उपयोग किया जाना हैं। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट दमोह स्थित ई-दक्ष केंद्र में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस सबंध में ई-गर्वनेंस मैनेजर महेश अग्रवाल ने बताया इस प्रशिक्षण में पानी की गुणवत्ता, वाटर पाईप लाईन, सीवर पाईप लाईन की जियो टेगिंग एवं पानी की टंकी की सफाई की जियो टेगिंग एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा एवं प्रशिक्षक शिवम अरजरिया के द्वारा दिया गया।

## भाजपा ने किया श्रमिक संवाद कार्यक्रम



**दमोह।** कृषि उपज मंडी दमोह में केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रमिक बंधुओं के साथ बजट के प्रमुख बिंदुओं पर सारगर्भित एवं सकारात्मक संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को बजट में उनके हित में किए गए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी बजट है। यह बजट श्रमिकों, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण को नई गति प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को केंद्र सरकार की योजनाओं और बजट प्रावधानों से जोड़ते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में सहभागी बनाना रहा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व जिला महामंत्री गोपाल पटेल, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, आईटी सेल प्रभारी रिंकू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई, कार्यक्रम सहसंयोजक देवल कटारया सहित बड़ी संख्या में श्रमिक बंधु उपस्थित रहे।

## भाजपा करती है आपस में लड़ाने की राजनीतिः लारिया

**दमोह।** जिला अनुसूचित कांग्रेस कमेटी के विभाग की समीक्षा बैठक प्रदेश से अनुसूचित विभाग के जिला प्रभारी हेमंत लारिया के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी हेमंत लारिया ने कहा कि भाजपा विवादित मुददो को उठाकर राजनीति करती है। वह एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का काम कर रही है। आज जो पंचायत/वार्ड समितिया बन रही है। उनमें अनुसूचित वर्ग की अधिक से अधिक भागेदारी की जाये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा कहा कि भाजपा ने अनुसूचित वर्ग में सेंध मारकर वोटे तो हथिया लिया किन्तु आज अनुसूचित वर्ग भी जान चुका हैं कि उनका हित कांग्रेस पाटी ही कर सकती है। अनुसूचित वर्ग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव ने कहा कि उनके जिला संगठन के समस्त पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में मजवूती से काम कर रहे है। वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रदीप पटेल, अमर सिह, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दृगपाल सिंह, बसंत कुशवाहा, प्रदेश महासचिव मुकेश रोहिताश, मंजीत यादव, अफजल खान, शमीम कुरेशी, प्रवेन्द्र चंद्राकर, मदन सुमन, रियाज खान ने भी अपने संबोधन में कहा कि अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष पर पूर्व में भाजपा द्वारा नजरबंद करवाया किन्तु बगैर भयभीत हुए वह अपने संगठन के साथ आम जनता की लड़ाई लड़ रहे है। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, गोपाल रैकवार, खिल्लू ठाकुर, पप्पू लारिया, हुकुम पटेल, मनमोहन मानक अहिरवार, नरेश प्रशांत अहिरवार, करण बैन, कुलदीप अहिरवार, संजू अहिरवार, ए.के. चिश्ती, दीपक अहिरवार, राजा अहिरवार, जित्तू अहिरवार, बाबू चौहान, समेंत अनेको अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारियें कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## खास बातें

### वार्षिक परीक्षा 2026 में किए गए विशेष प्रबंध

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में जिले के किसी भी परीक्षा केंद्र में कोई भी विद्यार्थी टाटपट्टी पर बैठकर परीक्षा नहीं देंगे, प्रत्येक केंद्र के लिए फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी तरह परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में घड़ी एवं कक्ष के बाहर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश प्राचार्य एवं केंद्र अध्यक्षों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा समस्त अशासकीय विद्यालयों के परीक्षा केंद्र पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी तथा शेष परीक्षा केन्द्रों पर जिला स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। ब्लॉक के प्रमुख स्कूलों को आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां विद्यार्थियों को परीक्षा अनुकूल बेहतर माहौल प्राप्त होगीं।

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी विद्यार्थी अपने परिश्रम पर विश्वास रखते हुए तन्मयता के साथ परीक्षा दे। उन्होंने कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के प्रारंभ अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा परीक्षाएं सीसीटीवी निगरानी में संपन्न होंगी, परीक्षार्थी बिना किसी भय के ईमानदारी व आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों एवं फर्जी प्रश्नपत्र लीक करने वाले सोशल मीडिया ग्रुप, एप्स व व्यक्तियों से दूर रहें तथा किसी प्रकार के प्रलोभन या ठगी का शिकार न बनें।

### अरहर दाल एवं गजक के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में फुटकर किराना दुकानों का निरीक्षण किया। कार्यवाही में दमोह शहर में पलंदी चौराहा स्थित अनुराग असाटी किराना दुकान से परिसर में संग्रहित अरहर दाल के नमूने जांच हेतु लिए गये। उदय किराना स्टोर का निरीक्षण कर विक्रय हेतु संग्रहित शर्मा जी ब्रांड गजक के नमूने जांच हेतु लिए गये। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### घंटाघर से पथरिया ब्रिज की ओर डिवाइडर का हुआ निर्माण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह शहर के घंटाघर से पथरिया ब्रिज की ओर डीएमएफ मद से डिवाइडर का निर्माण सड़क पर कराया गया हैं। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री अठ्या ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 23 लाख रूपये की लागत से डीएमएफ मद से डिवाइडर का निर्माण कराया गया हैं। इस संबंध में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया यहां पर सड़क पर वाहन लोग बेतरतीब लोग खड़े कर दिया करते थे और कहीं से भी क्रॉस होकर चले जाते थे, जिससे की दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती थी।

### दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर कहर, महिलाओं-बच्चों समेत दर्जनभर से अधिक घायल, हाईवे घंटेभर रहा ठप्प

# ब्रेक फेल होने से ट्रक ने मचाई तबाही यात्रियों से भरी पिकअप को मारी टक्कर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/जबेरा

जबेरा थाना की सिंग्रामपुर चौकी अंतर्गत दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सोमवार दोपहर करीब 11 बजे फाल्को नाला मंदिर के पास एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। जबलपुर से दमोह की ओर जा रहे चावल से लदे ट्रक के ब्रेक फेल होते ही वह आगे चल रही दर्शनार्थियों से भरी पिकअप से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रकों से भिड़ गई। पलभर में चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा-तफरी छा गई। हादसा गोसलपुर-सिहोरा से बांदकपुर दर्शन जा रहे दहिया परिवार के साथ हुआ। पिकअप में 20-25 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। टक्कर में पिकअप के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान और सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से घायलों को कटंगी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां एक दर्जन का इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल चार-पांच लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर भारी अव्यवस्था फैल गई। करीब आधे घंटे तक मार्ग पूरी तरह बाधित रहा, जबकि लगभग एक घंटे तक आवागमन प्रभावित होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर वन-वे व्यवस्था से यातायात बहाल कराया। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों में नंदू पाल, छोटेलाल पाल, बारेलाल, बंदना, दयाराम, संध्या, सुशीला, ओम, प्रदीप, महिमा, रेखा, रोशनी, कार्तिक, पुत्तोबाई, नंदिनी, खुशी, सोनाक्षी, मानवी, राधिका, वेद, कन्हैया सहित सिमरिया-बेलखाड़ क्षेत्र के महिला-पुरुष व बच्चे शामिल हैं।

# व्यक्ति की पहचान ही जीवन में महत्वपूर्ण : डॉ अनिल शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

यदि आप भगवान के दर्शन करने मंदिर जाते हैं तो परमात्मा से धन दौलत नहीं कृपा मांगो क्योंकि भगवान भाव के भूखे होते हैं उनके भक्त जी दृष्टि से देखा है उस उसे भाव से प्रकट हो जाते हैं लेकिन हम पहचान नहीं रहे है पहचान ही जीवन में बड़ी महत्वपूर्ण होती है आप अपनी पहचान बनाओ उक्त उद्गार देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण और श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस दद्दा कला मंच से कथा व्यास पं. डॉ श्री अनिल शास्त्री घनश्याम बाग ने व्यक्त किए। उन्होंने श्रीमद भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया कि मानव को अपने जीवन में श्रीमद भागवत कथा को अपने जीवन में कैसे समाहित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव जीवन में एक बात तय है कि आना है, तो जाना भी तय है, आए हो चित्र के रूप में और जाओगे तो विचित्र के रूप में, इसी आधार पर आपको तय करना है कि मानव जीवन को कैसा जीना है। जीने के लिए तीन बिंदु मुख्य है, वह गुरु, मित्र, सेवक, है, आपको अगर गुरु सही मिल गया, मित्र सच्चा मिल गया एवं सेवक अच्छा मिल गया तो आपका जीवन सदमार्ग पर है क्योंकि कुमार्ग पर चलने वाले को यह तीनों एक साथ नहीं मिलते है। जब तक भावना बदलते रहोगे, तब तक मंदिर बदलते रहोगे, जब तक गुरु की कृपा और भगवान की कृपा नहीं होगी तब तक कितनी भी डिग्री हासिल कर लो कुछ भी कर लो, आपको भरपूर सफलता नहीं मिलेगा अतः भगवत कृपा ही सफलता दिला सकती है। उपकाशी हटा जहां नौ सरकारे बैठी हैं वहां कृपा की कमी नहीं हो सकती दादा जी ने उपकाशी की सील लगाई थी क्योंकि गुरु की वाणी कभी मिथ्या नहीं जाती है। उन्होंने कथा में आगे बताया कि जब कोई मुसीबत आती है तो अचानक मुंह से निकल जाता है कि ओह माय गॉड, गॉड के पहले अक्षर का पहला अक्षर जी मतलब जनरेटर जिन्हें हम ब्रह्मा जी, ओ मतलब ऑपरेटर जिन्हें हम श्री विष्णु जी, डी मतलब डिस्ट्रॉयर जिन्हें हम भगवान महेश यानी शंकर जी कह सकते है। जीवन को सफल बनाना है तो पहले हमें भगवान को जानना चाहिए, इसके बाद अनुसरण कर सद्मार्ग पर चलना चाहिए।

कथा में यह बने यजमान -

कथा के दौरान मुख्य यजमान दिलीप पुष्पा शर्मा, ममता असाटी, सुशीला असाटी पंडित राधेश्याम मिश्रा, छोटेलाल सरस्वती साहू, पंडित चंद्र प्रकाश सावित्री प्यासी, ठाकुर पूरन सिंह, शिवकुमारी सिंह, विमला प्यासी, श्याम भाई नायक, सुरेश सोनी पंडित देव प्रभाकर चौरहा, आशा सिंह, कल्पना सिंह, माया सिंह सहित हटा विधायक उमा देवी खटीक, कार्यक्रम के सूत्रधार कुँ पुष्पेंद्र सिंह हजारी, रामकुमार असाटी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी सहित आयोजन समिति के अलावा बड़ी संख्या में कथा श्रोताओं ने उपस्थित रहकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण पान किया। वही प्रातः भी मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधि विधान से रुद्र अभिषेक किया गया एवं इसके उपरांत सुनार नदी के घुराघाट पर मंगल आरती के साथ विसर्जित किए गए। प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक पंडित डॉ मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में 75 यजमानों ने अति रुद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रों के साथ हवनात्मक आहुतियां लगाई।

# व्यारमा नदी से निकलकर खेतों में पहुंचा मगरमच्छ,वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

### तेजगढ़ वन परिक्षेत्र का मामला

**तेन्दूखेड़ा/तेजगढ़।** सोमवार को तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनौती पुतरी घाट के रैयत हार में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किसान के गेहूं के खेत में अचानक मगरमच्छ दिखाई दिया। जानकारी के अनुसार किसान महाराज सिंह, पिता करन सिंह के खेत में सुबह मगरमच्छ गेहूं की फसल के बीच आ गया था। खेत ब्यारमा नदी से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मगरमच्छ नदी से निकलकर खेतों में जा पहुंचा व्यारमा नदी में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं और आए दिन ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जिससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। खेतों में काम करने वाले किसान अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। घटना की सूचना ग्राम के जनपद सदस्य लोकपाल सिंह 'लकी' द्वारा तेजगढ़ रेंज कार्यालय एवं वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही तेजगढ़ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे के निर्देशन में बीट गार्ड कमलेश राय, रवि रैकवार तथा अन्य वनकर्मियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। काफी सतर्कता और सावधानी बरतते हुए मगरमच्छ को खेत से बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को फिलहाल सुरक्षित रूप से तेजगढ़ रेंज कार्यालय में रखा गया है। वन विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि मगरमच्छ को मंगलवार की सुबह वाहन से भोपाल भेजा जाएगा, जहां उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की प्रक्रिया की जाएगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने अपील की है कि यदि किसी भी रिहायशी क्षेत्र, खेत या गांव के आसपास मगरमच्छ या अन्य वन्य जीव दिखाई दें तो घबराएं नहीं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग की टीम तत्परता से मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखने की बात भी कही गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।




# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने निकाली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के माध्यम से आज 8 फरवरी को मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में एक साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन माननीय जिला कलेक्टर महोदय जी को दिए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में दमोह में भी संगठन के द्वारा ज्ञापन दिया गया ज्ञापन के पूर्व जिले के प्रत्येक विकास खंडों से सैकड़ो अध्यापक शिक्षक साथी एवं महिला शिक्षक साथी जिला कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित हुए उपस्थित साथियों के द्वारा अपनी अपनी लंबित मांगों के संदर्भ में उद्बोधन दिए गए एवं एक विशाल रैली निकाल कर मध्य प्रदेश सरकार से निवेदन किया गया की यशाशीघ्र हमारी सभी मांगे यदि पूर्ण नहीं होती है तो आगामी समय में तालाबंदी हड़ताल की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार शासन प्रशासन की होगी कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों ने एक साथ मोबाइल निकाल कर ई अटेंडेंस ऐप डिलीट किया और कल से अटेंडेंस न लगाने की सामूहिक शपथ ली और जिले के प्रत्येक अध्यापक साथियों से निवेदन किया कि कोई भी साथी अटेंडेंस नहीं लगाएगा तभी हमारी जीत होगी ज्ञापन में निम्न मांगों को रखा गया।



अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाशों का नगरीकरण का लाभ दिया जाए एवं क्रमन्नति और समयमान वेतनमान दिया जाए। अध्यापक संवर्गो को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति 1 जनवरी 2026 से आठवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। अध्यापक संवर्ग के लिए लागू की गई दोषपूर्ण अटेंडेंस व्यवस्था बंद की जाए अन्यथा यह व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के समस्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी लागू की जाए। हमारे संपर्क के दिवंगत अध्यापक साथियों के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि में रोकी गई वेतन का भुगतान तुरंत किया जाए। तीन संतान वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्रवाई से मुक्त किया जाए एवं संवर्ग को कैशलेस मेडिकल क्लैंप की सुविधा दी जाए। विगत वर्षों में अध्यापक संवर्ग से सेवा निवृत होने वाले शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करके ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाए। हमारे संवर्ग की सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालय की तरह स्कूलों में भी शनिवार का अवकाश दिया जाए इसके अतिरिक्त हमारे संवर्ग की अन्य सभी लंबित मांगे यथाशीघ्र पुरी की जाए।

ज्ञापन के कार्यक्रम में संवर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ, जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभय भट्ट, महेंद्र दीक्षित, ताहिर खान, सुरेंद्र चौबे ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तिवारी, रोहिणी प्रसाद, दिलीप द्विवेदी, बहादुर सिंह मातृशक्ति के रूप में श्रीमती रीता मारिया, शीला पटेल , पूजा असाटी, रश्मि ठाकुर, मनीषा प्यासी, वंदना जैन, गायत्री तंतुवाय, अर्चना मुड़ा, संध्या तंतुवाय, नीलू श्रीवास्तव, मांडवी चौबे, सपना जैन अदिति लाल सहित अनेक महिला शिक्षिकाएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी से आग्रह किया गया यदि शासन प्रशासन शीघ्र हमारी मांगे पूर्ण नहीं करता है तो 12 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें मध्य प्रदेश के लाखों शिक्षक साथी एकत्रित होंगे।

# विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहियेः राज्यमंत्री




**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कृषि प्रक्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने परीक्षा पे चर्चा, युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा विद्यार्थियों को सुझाव दिये। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री लखन पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहिये। विद्यार्थी बिना तनाव और भय के परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते हैं, इसके टिप्स बताएं । ज्ञात हो राज्यमंत्री लखन पटेल उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में स्थित श्री सिद्ध बाबा के यहां देव पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं एवं 10 वीं के प्रवेश पत्रों का वितरण किया । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, पूर्व डीपीसी राजेंद्र पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल द्वारा व्यक्त किया गया।

## अवैध उत्खनन पर हुई कार्रवाई

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी श्री कमलेश ने बताया पटेरा तहसील अन्तर्गत ग्राम मगरोन मे गिटटी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया। उक्त ग्राम मे गिटटी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना मगरोन मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही नीमन तिराहा बटियागढ से भ्रमण के दौरान गिटटी काओव्हर लोड परिवहन पाए जाने पर जप्त कर थाना बटियागढ जिला दमोह मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया हैं। उन्होंने कहा उक्त तीनो प्रकरण में गौण खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh
Presiding Officer :सुश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000003/2026)
शिव प्रसाद रैकवार.............आवेदक
Vs
श्रीमती मनी रैकवार,.........अनावेदक
Process Id- 11 /2026
पेशी दिनांक : 10/03/2026
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- दमोह म.प्र.
2)आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव प्रसाद रैकवार ने मृतक श्रीमती कौशल्या रैकवार पति रम्मू रैकवार पता निवासी नया बाजार नंबर ०१ दमोह तहसील व जिला दमोह म.प्र. की EPF भविष्य निधि खाता क्रमांक MPSGR 0020293000000161 की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 March 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 March 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 09 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया
सुश्री स्नेहा सिंह
(सील)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# महुआ के वृक्ष विलुप्त होने की कगार पर, अवैध कटाई से अस्तित्व बचाना हुआ मुश्किल

### धरोहर बचाएं- लघु वनोपज के समाप्त होने से कुटीर उद्योग का हो गया अंत

**तेन्दूखेड़ा।** जंगल माफिया की मजबूत पकड़ के चलते बुंदेलखंड के जंगलों में बहुतायत में पाए जाने वाले महुआ और अचार के वृक्षों का अस्तित्व बचा पाना मुश्किल भरा काम नजर आ रहा है। सागौन के हरे-भरे वृक्षों के बाद औषधीय उपयोग में आने वाले इन वृक्षों का व्यावसायिक उपयोग होने के कारण जंगल माफिया और राजनीतिक जनप्रतिनिधियों की वक्र दृष्टि होने से इन वृक्षों की संख्या क्षेत्र में नगण्य रह गई है। मानव जीवन वनस्पति पर निर्भर है, किंतु इंसानी कृत्यों के चलते जंगलों के आस्तित्व बचाए रखना चुनौती से कम नहीं है। बुन्देलखंड के हरे भरे जंगल वीरान हो रहे है।

### अचार, सलैया, खैर, बबूल आदि प्रजाति के वृक्ष विलुप्त होने की कगार पर

बुन्देलखंड के जंगलों में पाए जाने वाले अचार, सलैया, खैर, बबूल आदि प्रजाति के वृक्ष विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं अनदेखी एवं मानव की आर्थिक लाभ कमाने की अतृप्त वासना के चलते समृद्धि का प्रतीक कहे जाने वाले महुआ प्रजाति के वृक्षों का अस्तित्व संकट में पहुंच रहा है बुन्देलखंड अंचल के जंगलों में 50 फीसदी महुआ के जंगल पाए जाते थे, इतना ही नहीं प्रत्येक खेत में एक पेड़ महुए का हुआ करता था। जिसकी सुरक्षा फसल की तरह की जाती थी। इसका फूल-फल, तना एवं जड़ औषधि युक्त एवं बहुपयोगी होने के चलते ग्रामीण परिवेश में इसे विपत कटावन कहा जाता था, किंतु बदलते राजनीतिक परिवेश में इसके व्यावसायिक उपयोग के चलते महुआ प्रजाति के अस्तित्व को बचाना एक चुनौती से कम नहीं रह गया व्यावसायिक उपयोग में जहां फर्नीचर बनाने में इसका उपयोग हो रहा है, वहीं ईंट भट्टों के बढ़ते प्रचलन में ईंट-भट्टा पकाने में हो रहे उपयोग के चलते खेतों से गायब होने के साथ जंगलों से महुआ के पेड़ विलुप्ती की कगार पर पहुंच रहे हैं

### फूल-फूल उपयोग होता है औषधि में

महुआ का सपोटेसी परिवार का पेड़ है, जिसका वानस्पतिक नाम मधुका लॉगिफोलिआ है। आयुर्वेदिक में इसका विशेष महत्व बताया गया है। महुआ फूल में काफी अधिक पोषण होता है, इसे ताजा खाने से अनेक बीमारियां दूर होती हैं। महुआ फूल के ताजा रस के उपयोग से हड्डियों के जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है सूखे हुए फूलों से शराब बनाई जाती है महुआ की छाल के उपयोग से ब्लड शुगर कम होती है। महुआ के पेड़ की जड़ों से निकलने वाली कुछ छोटी-छोटी जड़ों का काढ़ा बनाकर पीने से बुखार ठीक होता है, जबकि इसके फल (गुली) से तेल निकाला जाता है जिसे आम बोलचाल में गुलिया तेल कहते हैं जिसका उपयोग साबुन एवं सुगंधित क्रीम बनाने मे किया जाता है, साथ ही इसके तेल का उपयोग बात रोग जैसी बीमारी में भी किया जाता है।

### इस तरह एक कुटीर उद्योग का अंत हो गया

लघु वनोपज के तहत आने वाले अचार महुआ प्रजाति में अचार प्रजाति के वृक्षों के विलुप्त प्रजाति में शुमार होने से एक कुटीर उद्योग का अंत हो गया। बुन्देलखंड के इस इलाके में आचार से चिरोंजी निकाल कर बाहर सप्लाई की जाती थी, किन्तु स्वार्थपूर्ण राजनीति एवं वन विभाग की अनदेखी के चलते वर्तमान समय में जंगलों में अचार प्रजाति के वृक्ष तलाश करने पर भी नहीं मिल रहे हैं।